**A. जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों (words), उपवाक्यों (clauses), वाक्यांशों (phrases) या वाक्यों (sentences) को जोड़ें, Conjunctions कहलाते है। इन्हें Sentence Linkers भी कहा जा सकता है; जैसे—**

(a) Sita *and* Gita are waiting for you.

(b) I met him near the temple *and* under the tree.

(c) He always creates problem *because* he is a cheat.
(d) Ram is studying *but* his brother is wasting his time.
(e) Who is stronger *than* an elephant?
(f) We waited *until* he returned.

**उपरोक्त Sentences में 'and, but, because, than' और 'until' – Conjunctions हैं।**

**Note:- Preposition और Conjunction में क्या अंतर है?**

**(i) Preposition :**

Preposition के साथ phrase लगा होता है; जैसे—

The sun rises in the east.

इस वाक्य में *in the east* एक phrase है और *in* एक preposition है।

**(ii) Conjunction :**

Conjunction के साथ Clause लगा होता है; जैसे—

I have helped you because you are honest.

इस वाक्य में *because you are honest* एक clause है और *because* एक conjunction है।

## VIII. INTERJECTION

(Interjection is a word that helps us to throw our sudden feeling out that we have inside our heart or in our sentiment.)

**A. Interjection = Inter + Jectus, inter का अर्थ है—मध्य और jectus का अर्थ है—फेंका हुआ अर्थात् 'Something thrown in between' इस प्रकार interjection वह शब्द है जो वाक्य में डाल दिया गया हो और जो वाक्य का आवश्यक अंग न हो।**

**B. जो शब्द खुशी या गम, डर या हैरानगी जैसे अचानक हृदय से निकलने वाले उद्गारों (sudden feeling) को प्रकट करें, Interjections कहलाते हैं। ऐसे शब्दों के बाद sign of exclamation ( ! ) लगाया जाता है। ये शब्द sentence में अन्य शब्दों के साथ किसी प्रकार का संपर्क नहीं रखते हैं। इनका वाक्य के Grammatical Strucutre से कोई संबंध नहीं होता है। ये तो सिर्फ़ मस्तिष्क में अचानक उठी तीव्र भावना को प्रकट करते हैं। इन्हें कभी-कभी Filled Pause भी कहा जाता है; जैसे—**

(a) *Hurrah* ! we have won the match.
(b) *Ah* ! you have betrayed me.

**उपरोक्त Sentences में 'Hurrah' व 'Ah' – Interjections हैं।**

**C. यह कोई आवश्यक नहीं है कि केवल अकेला शब्द ही 'Interjections' के रूप में प्रयोग हो सकता है। निम्नलिखित Parts of speech का समूह भी 'Interjections' की तरह प्रयोग किया जा सकता है।**

(a) You call her innocent ! (b) What a shameful act it is!

## EXERCISE 8.

**Write in the brackets the name of the parts of speech which are italicised :**

1. He *is* a teacher in a school.
2. You must not ignore the *poor* student.
3. Children are reading *carefully*.
4. He passed *because* he worked hard.
5. *India* is a large country.
6. He sang a song *properly*.
7. The books are where you left *them*.
8. *Alas*! he is dead.
9. I made a good *choice*.
10. I killed a lion *with* a gun.

# 7 The Tense




**IN THIS SECTION**

**I. Tense Chart** **II. Formation of Sentences**

## Tense

(Tense is that characteristic of a verb which tells us the time of an action or state of being.)

**Tense कार्य के काल की जानकारी देता है। निम्नलिखित कुल 12 Tenses होते हैं—**

## I. Tense Chart

| S.No. | Name of the Tense | हिंदी के वाक्य के अंत में | Helping Verbs | Form of Verb |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Present Indefinite | ता है, ती है, ते हैं | Hidden in verb (do/ does) | Ist/Ist+s or es |
| 2. | Present Continuous | रहा है, रही है, रहे हैं | is/ am/ are | Ist + ing |
| 3. | Present Perfect | चुका है, चुकी है, चुके हैं | has/ have | III rd |
| 4. | Present Perfect Continuous | से रहा है, से रही है, से रहे हैं | has been/ have been | Ist + ing |
| 5. | Past Indefinite | आ, ई, ए, ता था, ते थी, ती थी | Hidden in verb (did) | II nd |
| 6. | Past Continuous | रहा था, रही थी, रहे थे | was/ were | Ist + ing |
| 7. | Past Perfect | चुका था, चुके थे, चुकी थी | had | III rd |
| 8. | Past Perfect Continuous | से रहा था, से रही थी, से रहे थे | had been | Ist + in |
| 9. | Future Indefinite | गा, गे, गी | will/ shall | Ist |
| 10. | Future Continuous | रहा होगा, रही होगी, रहे होंगे | will be/ shall be | Ist + ing |
| 11. | Future Perfect | चुका होगा, चुकी होगी, चुके होंगे | will have/ shall have | III rd |
| 12. | Future Perfect Continuous | से रहा होगा, से रही होगी, से रहे होंगे | will have been/ shall have been | Ist + ing |

## II. Formation of Sentences

| | |
|---|---|
| A. | Positive Form : Subject + Helping Verb + Verb + Object. |
| B. | Negative Form : Subject + Helping Verb + not + Verb + Object. |
| C. | Interrogative Form : Helping Verb + Subject + Verb + Object? |
| D. | Interrogative Negative Form : Helping Verb + Subject + not + Verb + Object?<br>Or Helping Verb + n't + Subject + Verb + Object? |

1. **Present Indefinite Tense में यदि Subject III rd Person Singular Noun (He, She, It) or any name हो, तो verb की Ist Form के साथ s या es लगाया जाता है।**
2. **Past Indefinite Tense के Negative or Interrogative होने से did के आने पर verb की Ist Form का प्रयोग किया जाता है।**
3. **नहीं वाले वाक्यों में Helping verb के साथ not का प्रयोग होता है।**
4. **प्रश्नवाचक वाक्यों में Subject से पहले Helping verb का प्रयोग किया जाता है।**
5. **वाक्य में निश्चित समय के लिए Since तथा अनिश्चित समय के लिए For का प्रयोग होता है।**

C.B.R

# Present Indefinite Tense



## PRESENT INDEFINITE TENSE

Present Indefinite को Simple Present भी कहा जाता है।

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में ता है, ते हैं, ती है आए, वह वाक्य Present Indefinite Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे—वह स्कूल जाता है।

## A. POSITIVE FORMS

I/ you/ we/ they go

he/ she/ it goes

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + Verb I + (s/ es) + Object.

Present Indefinite Tense के साधारण वाक्यों में Verb की First Form का प्रयोग होता है। Third person singular में Verb के साथ s या es का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) वह स्कूल जाता है। | He goes to school. |
| (b) वह स्कूल जाती है। | She goes to school. |
| (c) मैं स्कूल जाता हूँ। | I go to school. |
| (d) हम स्कूल जाते हैं। | We go to school. |
| (e) तुम स्कूल जाते हो। | You go to school. |
| (f) वे स्कूल जाते हैं। | They go to school. |

## B. NEGATIVE FORMS

I/ you/ we/ they do not go OR don't go

he/ she/ it goes does not go OR doesn't go

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + do/ does + not + Verb I + Object.

Present Indefinite Tense के नकारात्मक वाक्यों में do not, does not का प्रयोग किया जाता है। Third Person singular में does not का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) वह स्कूल नहीं जाता है। | He does not go to school. |
| (b) वह स्कूल नहीं जाती है। | She does not go to school. |
| (c) मैं स्कूल नहीं जाता हूँ। | I do not go to school. |
| (d) हम स्कूल नहीं जाते हैं। | We do not go to school. |
| (e) तुम स्कूल नहीं जाते हो। | You do not go to school. |
| (f) वे स्कूल नहीं जाते हैं। | They do not go to school. |

**NOTE :–**

Do not ये दो शब्द हैं। अत: इन्हें हमेशा अलग-अलग लिखें, परंतु Don't एक शब्द है, इसे हमेशा इकट्ठा लिखें।

## C. INTERROGATIVE FORMS

Do I/ you/ we/ they go ?
Does he/ she/ it go ?

**प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Do/ Does + Subject + Verb I + Object + ?

| | |
|---|---|
| (a) क्या वह स्कूल जाता है ? | Does he go to school ? |
| (b) क्या वह स्कूल जाती है ? | Does she go to school ? |
| (c) क्या मैं स्कूल जाता हूँ ? | Do I go to school ? |
| (d) क्या हम स्कूल जाते हैं ? | Do we go to school ? |
| (e) क्या तुम स्कूल जाते हो ? | Do you go to school ? |
| (f) क्या वे स्कूल जाते हैं ? | Do they go to school ? |

## D. INTERROGATIVE NEGATIVE FORMS

Do I/ you/ we/ they not go OR Don't I/ you/ we/ they go?
Does he/ she/ it not go OR Doesn't he/ she/ it go?

**नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Do/ Does + Subject + not + Verb I + Object + ?
Or
Don't/ Doesn't + Subject + Verb I + Object + ?

| | |
|---|---|
| (a) क्या वह स्कूल नहीं जाता है ? | Does he not go to school ? |
| (b) क्या वह स्कूल नहीं जाती है ? | Does she not go to school ? |
| (c) क्या मैं स्कूल नहीं जाता हूँ ? | Do I not go to school ? |
| (d) क्या हम स्कूल नहीं जाते हैं ? | Do we not go to school ? |
| (e) क्या तुम स्कूल नहीं जाते हो ? | Do you not go to school ? |
| (f) क्या वे स्कूल नहीं जाते हैं ? | Do they not go to school ? |

**Note:- Verb के साथ es का प्रयोग कब किया जाएगा?**

**(i) es तभी लगता है जब Verb के अंतिम अक्षर s, ss, sh, ch, j, o और z हों; जैसे—**
go - goes, kiss – kisses, search – searches, fetch – fetches, clash – clashes, quiz – quizzes, pass-passes, wash - washes, catch - catches, do - does, mix -mixes etc.

**(ii) यदि Verb का अंतिम अक्षर 'y' हो तथा इससे पहले कोई consonant हो, तो y को i में बदल कर es लगाते हैं; जैसे-** cry – cries, fly – flies, try – tries, verify – verifies, hurry - hurries, copy – copies etc.

**(iii) यदि Verb का अंतिम अक्षर 'y' हो तथा इससे पहले कोई Vowel (a, e, i, o, u) हो, तो y को i में नहीं बदला जाता है; जैसे—** stay - stays, enjoy - enjoys etc.

## E. USES

**Present Indefinite Tense का प्रयोग**

**(i) HABITUAL ACTIONS**

**Present की आदत बताने वाले वाक्यों के लिए; जैसे—**

(a) Cats drink milk.
(b) I like music.
(c) She smokes in the garden.
(d) I always work at night.

**(ii) PERMANENT ACTIVITY**

**वर्तमान् के किसी स्थायी कार्य (permanent activity) के लिए; जैसे—**

(a) He works in this office. (b) They live in a very nice flat.

**(iii) WITH 'ADVERBS' OR 'ADVERB PHRASES'**

**निम्नलिखित adverbs/ adverb phrases के साथ Present Indefinite का प्रयोग होता है।**

always, daily, generally, never, normally, rarely, seldom, occasionally, sometimes, often, usually, every week, every year, on Sundays, twice a year etc.

**जैसे—**

(a) My father never drinks coffee. (b) I go to church on Sundays.

(c) Ram never tells a lie. (d) Shyam often comes late.

(e) They visit zoo every Saturday.

**(iv) WITH 'TIME CLAUSES'**

**जैसे—**

(a) Whenever it rains the roof leaks. (b) When you open the door a light goes on.

**(v) WITH VERB 'SAY'**

**जो बात छपी या print में आ गई है, उसको बताने के लिए Present Indefinite Tense का प्रयोग होता है। इसके अतिरिक्त Quotations आदि को भी Present Indefinite में लिखा जाता है; जैसे—**

(a) Ram says, "Birds fly and fish swim."

(b) The Bible says, "Love of money is the root cause of all evils."

(c) Plato says : God is great.

**(vi) IN 'NEWPAPER HEADINGS'**

**Newspaper की headlines में भी सामान्यतया Present Indefinite का ही प्रयोग होता है; जैसे—**

(a) PEACE TALKS FAIL. (b) MASS MURDERER ESCAPES

**(vii) IN 'NOTICES'**

The notice indicates : No talking.

**(viii) FOR 'DRAMATIC NARRATIVE'**

**ऐतिहासिक घटनाओं को वर्तमान् में प्रकट करने अथवा नाटकीय ढंग से वर्णन करने के लिए Present Indefinite Tense का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) Laxmi Bai now rides a horse and leads her army.

(b) Alexander now leads his men through the Ganges region.

**(ix) COMMENTARIES**

**Commentaries में Present Indefinite का प्रयोग होता है; जैसे—**

Sita takes the ball again, and she throws it into the basket.

**(x) FOR A PLANNED FUTURE**

**यदि भविष्य की योजनाएँ, कार्यक्रम और निर्णय (plan, programme, decision) एक Time table की तरह सुनिश्चित हैं, तो Future Indefinite Tense की बजाए Present Indefinite Tense का प्रयोग कर सकते हैं; जैसे—**

(a) I start my new job on Monday.

(b) What time do you finish work tomorrow?

(c) Our school opens in the month of April.

(d) I begin practice next week.

**(xi) TIME TABLE AND DAILY ROUTINE**

(a) Train leaves at midnight. (b) I get up early for morning walk.

(c) The plane takes off at 9 a.m. (d) All trains stop here.

**(xii) WITH 'STATE VERBS'**

**निम्नलिखित कुछ Verbs का प्रयोग सामान्यतया Present Indefinite में ही करना उचित रहता है।**

be, believe, belong, consist of, contain, depend on, deserve, exist, hate, know, like, love, matter, mean, own, need, prefer, remember, resemble, seem, understand etc.

**जैसे—**

(a) We hear, she is going to Canada next year.
(b) I see him enjoying the picnic.
(c) I love you.
(d) The farmers owns the land.

**(xiii) 'CONDITIONAL SENTENCES'**

**Compound Sentences में (जब भविष्य की दो घटनाओं का जिक्र हो)**

**निम्नलिखित Temporal Conjunctions– after, as soon as, before, until, when, if, till, unless, even if, in case, as etc. के बाद Future Tense का प्रयोग नहीं किया जाता। इस प्रकार के वाक्यों में main clause यद्यपि Future Indefinite Tense में होता है लेकिन subordinate clause के लिए Present Tense का ही प्रयोग होता है; जैसे—**

(a) He will stay here *until you come back*.
(b) We shall go out *when the rain stops*.
(c) He will run away *as soon as you see him*.
(d) *If it rains* she will not come.

**(xiv) UNIVERSAL AND GENERAL TRUTH**

**शाश्वत सत्य (universal truth), चिरन्तन सत्य (eternal truth) और सिद्धांत (principle) के लिए; जैसे—**

(a) Water boils at 100º Celsius.
(b) The earth revolves round the sun.
(c) Paper burns easily.
(d) The moon shines brightly.

**(xv) IN PHRASES LIKE 'I promise/ I agree/ I refuse/ I forgive'**

**जैसे—**

(a) I promises I will pay you back.
(b) It is all right. I forgive you.

**(xvi) EXCLAMATORY SENTENCES**

**Here और there वाले exclamatory sentences में भी Present Indefinite का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) Here he comes !
(b) There he lives !

# Present Continuous Tense

## PRESENT CONTINUOUS TENSE

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में *रहा है, रहे हैं, रही है* आए, वह वाक्य Present Continuous Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे—वह स्कूल जा रहा है।

## A. POSITIVE FORMS

I am going OR I'm going
you/ we/ they are going OR you/ we/ they're going
he/ she/ it is going OR he/ she/ it's going

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + is/ am/ are/ + (Verb I + ing) + Object.

Present Continuous Tense के साधारण वाक्यों में Subject के साथ Helping verb- is/ am/are का प्रयोग किया जाता है और Verb की First Form के साथ ing लगाई जाती है।

He, She, it, Name (Singular Number Third Person) के साथ 'is' और I के साथ 'am' तथा We, you, they और Plural Number के साथ 'are' का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) मैं स्कूल जा रहा हूँ। | I am going to school. |
| (b) वह स्कूल जा रहा है। | He is going to school. |
| (c) वह स्कूल जा रही है। | She is going to school. |
| (d) हम स्कूल जा रहे हैं। | We are going to school. |
| (e) तुम स्कूल जा रहे हो। | You are going to school. |
| (f) वे स्कूल जा रहे हैं। | They are going to school. |

## B. NEGATIVE FORMS

I am not going OR I'm not going
you/ we/ they are not going OR you/ we/ they aren't going
he/ she/ it is not going OR he/ she/ it isn't going

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + is/ am/ are/ + not + (Verb I + ing) + Object.

Present Continuous Tense के नकारात्मक वाक्यों में Helping Verb- is/ am/ are के बाद not का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) मैं स्कूल नहीं जा रहा हूँ। | I am not going to school. |
| (b) वह स्कूल नहीं जा रहा है। | He is not going to school. |
| (c) वह स्कूल नहीं जा रही है। | She is not going to school. |

(d) हम स्कूल नहीं जा रहे हैं। We are not going to school.
(e) तुम स्कूल नहीं जा रहे हो। You are not going to school.
(f) वे स्कूल नहीं जा रहे हैं। They are not going to school.

## C. INTERROGATIVE FORMS

Am I going ?
Are you/ we/ they going ?
Is he/ she/ it going ?

**प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Is/ Am/ Are + Subject + (Verb I + ing) + Object + ?

Present Continuous Tense के प्रश्नवाचक वाक्यों में Subject से पहले Helping Verb- *is/ am/ are* का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

(a) क्या मैं स्कूल जा रहा हूँ ? Am I going to school ?
(b) क्या वह स्कूल जा रहा है ? Is he going to school ?
(c) क्या वह स्कूल जा रही है ? Is she going to school ?
(d) क्या हम स्कूल जा रहे हैं ? Are we going to school ?
(e) क्या तुम स्कूल जा रहे हो ? Are you going to school ?
(f) क्या वे स्कूल जा रहे हैं ? Are they going to school ?

## D. INTERROGATIVE NEGATIVE FORMS

Am I not going?
Are you/ we/ they not going ? OR Aren't you/ we/ they/ going?
Is he/ she/ it not going OR Isn't he/ she/ it going?

**नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Is/ Am/ Are + Subject + not + (Verb I + ing) + Object + ?
OR
Isn't/ Aren't + Subject + (Verb I + ing) + Object + ?
जैसे—

(a) क्या मैं स्कूल नहीं जा रहा हूँ ? Am I not going to school ?
(b) क्या वह स्कूल नहीं जा रहा है ? Is he not going to school ?
(c) क्या वह स्कूल नहीं जा रही है ? Is she not going to school ?
(d) क्या हम स्कूल नहीं जा रहे हैं ? Are we not going to school ?
(e) क्या तुम स्कूल नहीं जा रहे हो ? Are you not going to school ?
(f) क्या वे स्कूल नहीं जा रहे हैं ? Are they not going to school ?

## NOTE :–

**ING का प्रयोग करते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें—**

1. **ing जोड़ने पर Verb का अंतिम अक्षर e हटाएं; जैसे— come + ing = coming, take + ing = taking, drive + ing = driving. *Exception* - be + ing = being**
2. **ing जोड़ने पर Verb के अंतिम अक्षर ee, oe और ye में कोई परिवर्तन न करें; जैसे— agree + ing = agreeing, shoe + ing = shoeing, eye + ing = eyeing, see + ing = seeing.**
3. **ing जोड़ने पर Verb के अंतिम अक्षर ie को y में बदलें; जैसे— die + ing = dying, lie + ing = lying परंतु अंतिम अक्षर y को न बदले; जैसे— hurry + ing = hurrying**

4. ing जोड़ने पर Verb के अंतिम अक्षर से पहले यदि एक Vowel है तो अंतिम अक्षर को डबल करें। ध्यान रखें w, r और y को डबल नहीं किया जाता; जैसे— sit + ing = sitting, win +ing = winning, put + ing = putting. *Exception*–pardoning, ironing, opening, burning
5. अंतिम अक्षर c वाले Verb में ing जोड़ने पर c के तुरंत बाद k लिखें; जैसे— mimic + ing = mimicking.

## E. USES

**Present Continuous Tense का प्रयोग**

**(i) FOR AN ACTION HAPPENING NOW**

**ऐसे कार्य के लिए जो at the time of speaking जारी हैं और कार्य पूरा नहीं हुआ है अर्थात् इस क्षण जारी (immediate present now) हो; जैसे—**

(a) The sun is rising in the east.
(b) He is still waiting for you.
(c) You are creating problem at this moment.
(d) Why are you sitting at my desk ?

**(ii) ACTION NOT AT THE MOMENT OF SPEAKING**

**ऐसे कार्य के लिए जो वर्तमान् में जारी है लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि इस क्षण भी जारी हो अर्थात् at the time of speaking नहीं हो रहे होते लेकिन Regular process में लगातार हो रहे हों; जैसे—**

(a) Ram is reading in 10th class.
(b) I am quite busy these days. I am doing a course at college.

**(iii) IMMEDIATE PLANS**

**निकट भविष्य के निश्चित Programme के लिए; जैसे—**

(a) I am going to Delhi tonight.
(b) Are you doing anything tomorrow afternoon?
(c) Yes, I am playing tennis with Ram tomorrow.
(d) What time are you meeting Mohan tomorrow?

**ऐसे वाक्यों से कार्य करने के इरादे intention या संभावना likelihood का बोध होता है। इस प्रकार के वाक्यों में Time of Action अवश्य लिखना चाहिए अन्यथा वर्तमान् और भविष्य में भ्रम हो सकता है। ध्यान रखें—come और go वाले वाक्य Time of action के बगैर भी लिखे जा सकते हैं।**

(a) What are you doing next Sunday?
(b) I am going to the seaside.

**(iv) FOR REPEATED AND CONTINUOUS ACTIONS**

Gita is always losing his keys.

**ऐसी structure का केवल affirmative sentence में प्रयोग होता है।**

**Always का Very often और too often के अर्थ में Present Continuous में प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) Ram is always inviting friends here. (very often)
(b) I am always making that mistakes. (too often)

**Always के साथ Present Continuous Tense का प्रयोग ऐसे कार्य के लिए किया जाता है, जो व्यक्ति आदतन दूसरों की इच्छा के विपरीत बार-बार (frequently) करता है; जैसे—**

(a) He is always complaining.
(b) She is always abusing others.

**(v) FOREVER**

**Forever के साथ Present Continuous Tense का प्रयोग ऐसे कार्य के लिए किया जाता है, जो व्यक्ति आदतन दूसरों की इच्छा के विपरीत बार-बार (frequently) करता है; जैसे—**

You are forever finding faults with others.

**(vi) NOW-A-DAYS**

**Now, now-a-days, these days, still और at present के साथ Present Continuous Tense प्रयोग किया जाता है।**

(a) *At present* I am reading.

(b) He is writing a book *now-a-days*

(c) He is teaching French and learning Greek *these days*.

(d) It is *still* raining.

(e) She said, "I am going *now*."

## VERBS NOT USED IN CONTINUOUS TENSES

**कुछ Verbs एक स्थायी कार्य को व्यक्त करती हैं। इनका सामान्य अर्थ में Continuous Tense में प्रयोग नहीं किया जाता है। इन्हें State Verbs कहा जाता है। ये Verbs हैं—**

1. **Verbs of Perception (अनुभूति की क्रियाएँ) :** see, hear, smell, taste, feel.
2. **Verbs of Appearance (प्रतीत होने वाली क्रियाएँ) :** look, resemble, seem, appear.
3. **Verbs of Emotion (भाव प्रधान क्रियाएँ) :** want, desire, wish, hate, hope, like, refuse, believe, doubt, mind, care, detest, adore, appreciate, admire, fear, expect.
4. **Verbs of Thinking (चिंतन की क्रियाएँ) :** think, suppose, agree, consider, trust, remember, forget, know, understand, perceive, realise, recollect.
5. **Verbs of Possession (स्वामीत्व क्रियाएँ) :** belong, owe, own, possess, contain, have.

उपरोक्त क्रियाएँ अर्थ परिवर्तन के साथ निम्नलिखित प्रकार से Present Continuous Tense में प्रयुक्त की जा सकती हैं—

## 1. FEEL

**(i) Feel के बाद ऐसा adjective हो जो subject के emotion, physical or mental condition को प्रकट करे, तो आमतौर पर Simple tenses का प्रयोग किया जाता है परंतु continuous tense का भी प्रयोग किया जा सकता है; जैसे—**

(a) How do you feel? (correct) (b) How are you feeling? (correct)

(c) I feel better. (correct) (d) I am feeling better. (correct)

**(ii) Feel का अर्थ यदि कुछ समझने से संबंधित है, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

The doctor was feeling his pulse.

**(iii) Feel का अर्थ यदि छू कर ढूँढने से संबंधित है, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

I was feeling for the keyhole in the dark.

परंतु Feel का अर्थ यदि (Feel = sense ) महसूस करने से संबंधित है, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—

(a) Are you feeling the house shaking? (incorrect)

(b) Don't you feel the house shaking? (correct)

**(iv) (Feel = think ) सोचने से संबंधित है, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—**

(a) I am feeling you are wrong. (incorrect)

(b) I feel you are wrong. (correct)

**(v) Feel जब link verb के रूप में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—**

(a) The water is feeling cold. (incorrect) (b) The water feels cold. (correct)

**कभी-कभी Feel का बगैर अर्थ प्रभावित हुए Simple or Continuous दोनों में प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) We feel a bit sad. (correct) (b) We are feeling a bit sad. (correct)

## 2. LOOK

**(i) Look जब link verb के रूप में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—**

(a) That bread is looking good. (incorrect)

(b) That bread looks good. (correct)

**(ii) Look जब look on (= consider), look up to (= respect) और look down on (= despise) के अर्थ में प्रयोग हो तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है।**

परंतु Look जब look at, look for/in/into/out, look on (= watch) के अर्थ में प्रयुक्त हो तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—

(a) I am looking for my glasses.

(b) Ram is looking out for a better job.

**(iii) कभी-कभी Look का बगैर अर्थ प्रभावित हुए Simple or Continuous दोनों में प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) You look well.

(b) You are looking well.

## 3. SMELL

**(i) Smell जब perceive a scent/an odour के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—**

(a) I am smelling gas. (incorrect)

(b) I smell gas. (correct)

**(ii) Smell जब sniff at के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

Why are you smelling the milk? Is it sour ?

## 4. TASTE

**(i) Taste जब link verb के रूप में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग नहीं हो सकता है; जैसे—**

(a) That tea is tasting bitter. (incorrect)
That tea tastes bitter. (correct)

(b) These oranges are tasting sour. (incorrect)
These oranges taste sour. (correct)

**(ii) Taste जब to test the flavour of के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) He was tasting the pudding to see if it was sweet enough.

(b) She is tasting the sauce to find out whether it is tasty or not.

## 5. SEE

**(i) See जब meet by appointment/ interview के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) I am seeing him tomorrow morning. (I have an appointment with him.)

(b) The Director is seeing the applicants this evening.

**(ii) See जब visit (usually as a tourist) के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

Ram is seeing the town/ the sights.

**(iii) See जब see about (= make arrangements or enquires), see to (= arrange), see somebody out, see somebody to और see someone off के अर्थ में प्रयोग हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) I am seeing about a work permit for you.

(b) The electrician is here. He is seeing to the fault in our power supply.

(c) Gita is seeing us off at the station.

## 6. HEAR

Hear जब listen formally के अर्थ में प्रयोग हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—

The court is hearing evidence this morning.

## 7. THINK

**(i) जब think 'विश्वास' के अर्थ में प्रयुक्त न हो, तो प्राय: think को निम्नलिखित प्रकार से लिखा जाता है; जैसे—**

(a) You look serious. What are you thinking about?

(b) I am thinking about the play we saw last night.

**(ii) जब think का प्रयोग 'opinion asked for ' के रूप में हो, तो continuous tense का प्रयोग न करें; जैसे—**

(a) What are you thinking of it? (incorrect)
What do you think of it? (correct)

(b) What are you thinking of the idea? (incorrect)
What do you think of the idea? (correct)

## 8. ASSUME

**(i) 'Assume' जब accept as a starting point के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

I am assuming that you have time to do a lot of research.

**(ii) 'Assume' जब power/ control of a country या organization के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

The new government is assuming power at once.

## 9. EXPECT

**Expect जब await के अर्थ में प्रयुक्त हो, तो Continuous का प्रयोग हो सकता है; जैसे—**

(a) I am expecting a letter.

(b) Sita is expecting a baby in June.

# Present Perfect Tense

## PRESENT PERFECT TENSE

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में चुका है, चुके हैं, चुकी है अथवा या है, ये हैं, ई है आए, वह वाक्य Present Perfect Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे— वह स्कूल जा चुका है।

## A. POSITIVE FORMS

I/you/we/they have gone OR I/ you/ we/ they've gone
he/ she/ it/ has gone OR he/ she/ it's gone

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + has/ have + Verb III + Object.

Present Perfect Tense में Verb की Third Form का प्रयोग किया जाता है।

Helping Verb 'has' का प्रयोग Singular Number Third Person; जैसे— He, She, it, or any name आदि के साथ होता है जबकि have का प्रयोग I, You, We, they or Any Plural Subjects के साथ किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) मैं स्कूल जा चुका हूँ। | I have gone to school. |
| (b) वह स्कूल जा चुका है। | He has gone to school. |
| (c) वह स्कूल जा चुकी है। | She has gone to school. |
| (d) हम स्कूल जा चुके हैं। | We have gone to school. |
| (e) तुम स्कूल जा चुके हो। | You have gone to school. |
| (f) वे स्कूल जा चुके हैं। | They have gone to school. |

## B. NEGATIVE FORMS

I/you/we/they have not gone OR I/ you/ we/ they haven't gone
he/ she/ it/ has not gone OR he/ she/ it hasn't gone

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + has/ have + not + Verb III + Object.

जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) मैं स्कूल नहीं जा चुका हूँ। | I have not gone to school. |
| (b) वह स्कूल नहीं जा चुका है। | He has not gone to school. |
| (c) वह स्कूल नहीं जा चुकी है। | She has not gone to school. |
| (d) हम स्कूल नहीं जा चुके हैं। | We have not gone to school. |
| (e) तुम स्कूल नहीं जा चुके हो। | You have not gone to school. |
| (f) वे स्कूल नहीं जा चुके हैं। | They have not gone to school. |

## C. INTERROGATIVE FORMS

(a) Have I/you/we/they gone?
(b) Has he/ she/ it/ gone?

**प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Has/ Have + Subject + Verb III + Object + ?

जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) क्या मैं स्कूल जा चुका हूँ ? | Have I gone to school ? |
| (b) क्या वह स्कूल जा चुका है ? | Has he gone to school ? |
| (c) क्या वह स्कूल जा चुकी है ? | Has she gone to school ? |
| (d) क्या हम स्कूल जा चुके हैं ? | Have we gone to school ? |
| (e) क्या तुम स्कूल जा चुके हो ? | Have you gone to school ? |
| (f) क्या वे स्कूल जा चुके हैं ? | Have they gone to school ? |

## D. INTERROGATIVE NEGATIVE FORMS

Have I/you/we/they not gone OR Haven't I/you/we/they gone?
Has he/ she/ it/ not gone OR Hasn't he/ she/ it/ gone?

**नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Has/ Have + Subject + Verb III + Object + ?

जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) क्या मैं स्कूल नहीं जा चुका हूँ ? | Have I not gone to school ? |
| (b) क्या वह स्कूल नहीं जा चुका है ? | Has he not gone to school ? |
| (c) क्या वह स्कूल नहीं जा चुकी है ? | Has she not gone to school ? |
| (d) क्या हम स्कूल नहीं जा चुके हैं ? | Have we not gone to school ? |
| (e) क्या तुम स्कूल नहीं जा चुके हो ? | Have you not gone to school ? |
| (f) क्या वे स्कूल नहीं जा चुके हैं ? | Have they not gone to school ? |

## E. USES

**Present Perfect Tense का प्रयोग**

**(i) EVENT A MOMENT BEFORE**

The bus has arrived a few minute before.

**(ii) ANYTHING HAPPENED IN PAST**

**ऐसे कार्यों के लिए Present Perfect का प्रयोग होता है, जो Past में पूरे हो चुके हैं परंतु उनका प्रभाव वर्तमान् में महसूस हो रहा है; जैसे—**

(a) He has eaten food. His stomach is paining.
(b) She has done a crime. Now she is under police custody.

**Present Continuous का प्रयोग recently, already, just, yet, not yet, always, ever, never, upto now, today, often, several times, lately, so far, a few hours, this week और this year इत्यादि शब्दों के साथ किया जाता है।**

**(iii) RECENTLY**

(a) He has *recently* passed the M.B.A. exam.
(b) She has arrived *recently*.

**(iv) ALREADY**

(a) He has *already* done his home work.
(b) You have *already* completed your work.

**(v) JUST**

**ऐसे कार्य के लिए जो अभी-अभी पूरा हुआ हो; जैसे—**

(a) He has *just* gone out.
(b) She has *just* finished his work.
(c) I have *just* had an idea.
(d) They have *just* left the place.

**(vi) YET**

**Yet का प्रयोग Negative and Interrogative Sentences के अंत में होता है; जैसे—**

(a) Has your course started *yet*?
(b) It is ten O' clock and you have not finished breakfast *yet*.
(c) He has not come *yet*.
(d) *Have* you done it yet?

**(vii) EVER, NEVER**

**हम Ever और Never को Present Perfect के साथ प्रयोग कर सकते हैं; जैसे—**

(a) Have you ever been to Japan?
(b) You have never given me flowers before.

**(viii) TODAY, THIS YEAR etc.**

**Present Perfect Tense का today और phrases जैसे— this morning/ this evening/ this week और this year आदि के साथ तभी प्रयोग करें जब ये Periods बोलने के वक्त समाप्त न हुए हों; जैसे—**

(a) I have drunk four cups of tea today.
(b) Have you had a holiday this year?

**(ix) FOR, SINCE**

**हम For और Since के साथ Present Perfect का प्रयोग कर सकते हैं; जैसे—**

(a) We have lived here for ten years.
(b) She has not visited us since June.

**(x) FIRST TIME, SECOND TIME etc.**

**This is the first/ second/ third time आदि से शुरू होने वाले वाक्यों मे Present Perfect का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) This is the first time that I have heard his song.
(b) This is the second time Ram has forgotten to give me a message.

**(xi) THIS IS THE BEST/ WORST etc.**

This is the best/ worst आदि के साथ शुरू होने वाले वाक्यों मे Present Perfect का प्रयोग किया जाता है; जैसे—
This is the best whisky, I have ever drunk.

**(xii) THIS IS THE ONLY**

This is the only के साथ शुरू होने वाले वाक्यों मे Present Perfect का प्रयोग किया जाता है; जैसे—
This is the only book I have written.

**(xiii) IT IS**

**It is के साथ इस प्रकार से Present Perfect का प्रयोग होता है; जैसे—**

It is two years since I have seen him.

**(xiv) LETTER**

**Letter लिखने में Present Perfect का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) I have carefully considered your request and have decided to take the action as per following.
(b) We have carefully considered the report which you sent us on 31 July, and have decided to take the following action.

**(xv) PAST ACTIONS**

**भूतकाल के कार्य के लिए बातचीत प्राय: Present Perfect से शुरू की जाती है; जैसे—**

Where have you been?

**(xvi) CONDITIONAL CLAUSE**

**Conditional Clause के साथ Present Perfect का प्रयोग Future को दर्शाता है; जैसे—**

I cannot decide until I have discussed the matter with my brother.

**(xvii) ADVERBS OF PAST TENSE**

**Past tense के Adverbs : last night/ year/ month/ week, short while ago, yesterday, day before yesterday आदि का प्रयोग Present Tense में नहीं किया जाता है।**

**Present perfect tense के वाक्यों में किसी भी ऐसे शब्द/शब्द समूह का प्रयोग न करें जिससे Past tense का बोध होता हो; जैसे—**

He has gone a week ago. (incorrect)

He went a week ago. (correct)

# Present Perfect Continuous Tense

## PRESENT PERFECT CONTINUOUS TENSE

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में से-रहा है, से-रहे हैं, से-रही है आए, वह वाक्य Present Perfect Continuous Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे—वह तीन साल से स्कूल जा रहा है।

## A. POSITIVE FORMS

I/ we/ you/ they/ have been going OR I/ we/ you/ they've been going
he/ she/ it has been going OR he/ she/ it's been going

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + has/ have + been + (Verb I + ing) + Object + since/ for + ….

Present Perfect Continuous Tense के वाक्यों में Verb की First Form के साथ ing लगाई जाती है।

Has been का प्रयोग Singular Number Third Person (He, She, It, Name,) के साथ और Have been का प्रयोग I एवं II Person तथा Plural Subject के साथ किया जाता है।

जैसे—

(a) मैं सोमवार से स्कूल जा रहा हूँ।
I have been going to school since Monday

(b) वह तीन साल से स्कूल जा रहा है।
He has been going to school for three years.

(c) वह सुबह से स्कूल जा रही है।
She has been going to school since morning.

(d) हम एक सप्ताह से स्कूल जा रहे हैं।
We have been going to school for a week.

(e) तुम नौ बजे से स्कूल जा रहे हो।
You have been going to school since 9 O' clock.

(f) वे जनवरी 2005 से स्कूल जा रहे हैं।
They have been going to school since January 2005.

**नोट—ऐसे वाक्यों में समय दर्शाने के लिए For और Since का प्रयोग किया जाता है। विस्तृत जानकारी के लिए Prepositions नामक Chapter पढें।**

## B. NEGATIVE FORMS

I/ we/ you/ they/ have not been going OR I/ we/ you/ they haven't been going
he/ she/ it has not been going OR he/ she/ it hasn't been going

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + has/ have + not + been + (Verb I + ing) + Object + since/ for + ….

Not का प्रयोग पहली helping verb- *has/ have* के बाद किया जाता है।

जैसे—

(a) मैं सोमवार से स्कूल नहीं जा रहा हूँ।
I have not been going to school since Monday.

(b) वह तीन साल से स्कूल नहीं जा रहा है।
He has not been going to school for three years.

(c) वह सुबह से स्कूल नहीं जा रही है।
She has not been going to school since morning.

(d) हम एक सप्ताह से स्कूल नहीं जा रहे हैं।
We have not been going to school for a week.

(e) तुम नौ बजे से स्कूल नहीं जा रहे हो।
You have not been going to school since 9 O' clock.

(f) वे जनवरी 2005 से स्कूल नहीं जा रहे हैं।
They have not been going to school since January 2005.

## C. INTERROGATIVE FORMS

Have I/ we/ you/ they/ been going?
Has he/ she/ it been going?

**प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Has/ Have + Subject + been + (Verb I + ing) + Object + since/ for + …?

Present Perfect Continuous Tense के प्रश्नवाचक वाक्यों में Subject से पहले has/ have का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

(a) Have I been going to school since Monday?
क्या मैं सोमवार से स्कूल जा रहा हूँ?

(b) Has he been going to school for three years?
क्या वह तीन साल से स्कूल जा रहा है?

(c) Has she been going to school since morning?
क्या वह सुबह से स्कूल जा रही है?

(d) Have we been going to school for a week?
क्या हम एक सप्ताह से स्कूल जा रहे हैं?

(e) Have you been going to school since 9 O' clock?
क्या तुम नौ बजे से स्कूल जा रहे हो?

(f) Have they been going to school since January 2005?
क्या वे जनवरी 2005 से स्कूल जा रहे हैं?

## D. INTERROGATIVE NEGATIVE FORMS

Have I/ we/ you/ they/ not been going? OR Haven't I/ we/ you/ they/ been going?
Has he/ she/ it not been going ? OR Hasn't he/ she/ it been going?

**नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Has/ Have + Subject + not + been + (Verb I + ing) + Object + since/ for + …?

## E. USES

**Present Perfect Continuous Tense का प्रयोग**

**(i) ACTION BEGAN IN PAST AND IS STILL GOING ON**

**ऐसे कार्य के लिए जो past में शुरू हुआ और अब भी जारी है; जैसे—**

(a) I have been living here for a month.
(b) She has been studying for two hours.
(c) He has been playing since morning.
(d) We have been reading this lesson for the last week.
(e) I have been working hard for the examination for one month.

**(ii) FOR REPEATED ACTIONS**

**Present Perfect Tense द्वारा दर्शाए गए Repeated actions को Present Perfect Continuous में भी बताया जा सकता है; जैसे—**

| Present Perfect | Present Perfect Continuous |
|---|---|
| (a) I have written five letters since morning. | I have been writing letters since morning. |
| (b) I have knocked five times. | I have been knocking for five minutes. |

**ध्यान रखें— Present perfect continuous ऐसे कार्यों को दर्शाता है जो बगैर किसी रुकावट के चल रहे हैं। इसका प्रयोग हम ऐसे वाक्यों में नहीं करते जिनमें किसी कार्य को कितनी बार किया गया अथवा कितने कार्य किए गए की जानकारी दी गई हो।**

CBR

# Past Indefinite Tense

## PAST INDEFINITE TENSE

**Past Indefinite को Simple Past भी कहा जाता है।**

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में आ, ए, ई अथवा या, ये, ई आए, वह वाक्य Past Indefinite Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे—वह स्कूल गया।

## A. POSITIVE FORMS

I/we/ you/ he/ she/ they/ it went

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + Verb II + Object.

Past Indefinite Tense के सभी प्रकार के साधारण वाक्यों में Verb की Second Form का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) वह स्कूल गया। | He went to school. |
| (b) वह स्कूल गई। | She went to school. |
| (c) मैं स्कूल गया। | I went to school. |
| (d) हम स्कूल गए। | We went to school. |
| (e) तुम स्कूल गए। | You went to school. |
| (f) वे स्कूल गए। | They went to school. |

**नोट—केवल मात्र यही एक प्रकार का ऐसा Tense है जिसके साधारण वाक्यों में हमेशा Verb की Second Form का प्रयोग किया जाता है बाकी अन्य किसी भी Tense में Verb की Second Form का प्रयोग नहीं होता है।**

## B. NEGATIVE FORMS

I/we/ you/ he/ she/ they/ it did not go OR didn't go

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + did + not + Verb I + Object.

Past Indefinite Tense के नकारात्मक वाक्यों में 'did not' के साथ Verb की First Form का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) वह स्कूल नहीं गया। | He did not go to school. |
| (b) वह स्कूल नहीं गई। | She did not go to school. |
| (c) मैं स्कूल नहीं गया। | I did not go to school. |
| (d) हम स्कूल नहीं गए। | We did not go to school. |
| (e) तुम स्कूल नहीं गए। | You did not go to school. |
| (f) वे स्कूल नहीं गए। | They did not go to school. |

## C. INTERROGATIVE FORMS

Did I/we/ you/ he/ she/ they/ it go ?

**प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Did + Subject + Verb I + Object + ?

जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) क्या वह स्कूल गया? | Did he go to school? |
| (b) क्या वह स्कूल गई? | Did she go to school? |
| (c) क्या मैं स्कूल गया? | Did I go to school? |
| (d) क्या हम स्कूल गए? | Did we go to school? |
| (e) क्या तुम स्कूल गए? | Did you go to school? |
| (f) क्या वे स्कूल गए? | Did they go to school? |

## D. INTERROGATIVE NEGATIVE FORMS

Did I/we/ you/ he/ she/ they/ it not go?

OR

Didn't I/we/ you/ he/ she/ they/ it go?

**नकारात्मक प्रश्नवाचक वाक्यों (Interrogative Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Did + Subject + not + Verb I + Object + ?

जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) क्या वह स्कूल नहीं गया? | Did he not go to school? |
| (b) क्या वह स्कूल नहीं गई? | Did she not go to school? |
| (c) क्या मैं स्कूल नहीं गया? | Did I not go to school? |
| (d) क्या हम स्कूल नहीं गए? | Did we not go to school? |
| (e) क्या तुम स्कूल नहीं गए? | Did you not go to school? |
| (f) क्या वे स्कूल नहीं गए? | Did they not go to school? |

## E. USES

**Past Indefinite Tense का प्रयोग**

**(i) ACTIONS COMPLETED IN PAST**

**ऐसे कार्यों के लिए past indefinite tense का प्रयोग किया जाता है जो किसी निश्चित समय पर भूतकाल में पूर्ण हो गए हों।**

**1. ऐसे past के लिए जब time दिया गया हो; जैसे—**

(a) He came yesterday. (b) She came last night.

(c) We met them yesterday. (d) Prem died in 2005.

**2. ऐसे past के लिए जब time पूछा गया हो।**

**When… ? या What time… ? पूछने के लिए Past Indefinite Tense का प्रयोग करें; जैसे—**

(a) When did they arrive?

(b) What time did you finish your work?

**3. ऐसे past के लिए जब time नहीं दिया गया हो।**

**ऐसे कार्य जिसमें कार्य पूर्ण होने का समय नहीं दिया गया हो तथा जो भूतकाल में किसी निश्चित समय पर संपन्न हो गए हों; जैसे—**

(a) Ram bought a pen. (b) How did you get your present job?

**(ii) FOR A PAST HABIT**

**Past की आदत बताने वाले वाक्यों में भी Present Indefinite की तरह प्राय: always, daily, everyday, every month, every year, never और once a (week, month, year) शब्दों का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) I never smoked in life.
(b) He always came to see me.
(c) He never missed the train.
(d) I studied many hours everyday.

**(iii) USED TO**

**Past की आदत बताने के लिए used to का भी प्रयोग होता है; जैसे—**

(a) Gandhiji used to walk in the morning.
(b) He used to smoke ten cigarettes daily.

**(iv) IN CONDITIONAL SENTENCES**

**वर्तमान् की unfulfilled wish, condition और desire को व्यक्त करने के लिए as if, as though, I wish, if, if only, it is high time और it is time शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इनके साथ भी Past Indefinite Tense का प्रयोग होता है; जैसे—**

(a) I wish I were the C.M. of Haryana.
(b) If I had a map I would have give it to him.
(c) It is time (that) you went to the station.
(d) I wish I were a bird.

**(v) IN**

**In के बाद यदि time period, all my life, all my career है, तो Past Indefinite Tense का प्रयोग होता है; जैसे—**

(a) I worked here in 1998. (b) I worked here in all my life.

**(vi) BEFORE**

**यदि भूतकाल की दो क्रियाओं का क्रम स्पष्ट हो, तो दोनों घटनाओं में भूतकाल का प्रयोग हो सकता है विशेष तौर पर जबकि ऐसे वाक्यों में conjunction 'before' का प्रयोग हुआ हो। ऐसे दो कार्य sequence में होते हैं। एक के बाद दूसरा समाप्त हो जाता है; जैसे—**

(a) He had taken his dinner before he went to sleep.
(b) The patient had died before the doctor arrived.
(c) The people had dispersed before the Minister came.
(d) I had changed my dress before I went to bed.

**(vii) TWO ACTIONS IN A SEQUENCE**

**यदि दो कार्य एक के बाद दूसरा एक Sequence में पूर्ण हुए हों, तो दोनों वाक्यों में Past Indefinite का प्रयोग किया जाता है; जैसे—**

(a) When he opened the window, the bird flew out.
(b) When the play ended, the audience went home.

**(viii) ADVERBS OF TIME FOR PAST TENSE**

**निम्नलिखित ऐसे शब्द/शब्द समूह हैं जो Past tense को दर्शाते हैं—**

a few moments (minutes/ days/ weeks/ months) ago, a moment ago, last night/ evening/ week/ year/ winter/ spring, the other day, yesterday, the other morning; जैसे—

(a) The annual function of the school was held yesterday.
(b) She came to Delhi three years ago.

**NOTE–up to now, so far, yet आदि Adverbs of Time का Past Indefinite Tense में प्रयोग नहीं होता है।**

# Past Continuous Tense

## PAST CONTINUOUS TENSE

**पहचान—**

जिस वाक्य के अंत में रहा था, रहे थे, रही थी आए, वह वाक्य Past Continuous Tense का वाक्य कहलाता है; जैसे—वह स्कूल जा रहा था।

## A. POSITIVE FORMS

I/ he/ she/ it was going
we/ you/ they were going

**साधारण वाक्यों (Affirmative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + was/ were + (Verb I + ing) + Object.

Past Continuous Tense के साधारण वाक्यों में Verb की First Form के साथ ing लगाई जाती है। Singular Subject के साथ helping verb 'was' और Plural Subject के साथ 'were' का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

| | |
|---|---|
| (a) मैं स्कूल जा रहा था। | I was going to school. |
| (b) वह स्कूल जा रहा था। | He was going to school. |
| (c) वह स्कूल जा रही थी। | She was going to school. |
| (d) हम स्कूल जा रहे थे। | We were going to school. |
| (e) तुम स्कूल जा रहे थे। | You were going to school. |
| (f) वे स्कूल जा रहे थे। | They were going to school. |

## B. NEGATIVE FORMS

I/ he/ she/ it was not going OR I/ he/ she/ it wasn't going
we/ you/ they were not going OR we/ you/ they weren't going

**नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) के लिए Sentence Structure :**

Subject + was/ were + not + (Verb I + ing) + Object.

जैसे—

| | |
|---|---|
